# कुरुक्षेत्र सड़क दुर्घटना में पांच युवकों की मौत, तीन घायल

## कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर स्कार्पियो को टक्कर मार दी

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ब्यूरो)।

हरियाणा के जिला कुरुक्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच युवकों की मौत हो गई है। हादसे में तीन अन्य युवक घायल हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है।

हरियाणा पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी और बताया कि यह भीषण सड़क दुर्घटना कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव टिकरी के समीप हुई जिसमें वहां समीपवर्ती पिहोवा राष्ट्रीय मार्ग पर गांव टिकरी के समीप एक कार पहले तो सड़क पर डिवाइडर से टकरा गई और फिर दूसरी ओर से आ रहे स्कार्पियो वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पांच युवकों की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।



पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, महिंद्रा जाइलो वाहन में सवार बाबा वीरेंद्र सिंह (26), बाबा गुरपेज सिंह (40), बाबा हरविंदर सिंह (38), हरमन सिंह (25), मनदीप सिंह (24) और एक अन्य 18 वर्षीय युवक पिहोवा से अपने डेरे 'दीप सिंह सलपानी कलां' लौट रहे थे।

जैसे ही इन लोगों का वाहन गांव टिकरी के समीप पहुंचा तो सामने अचानक एक पशु आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में चालक ने वाहन दूसरी ओर मोड़ा लेकिन वह बेकाबू होकर पलटते हुए दूसरी दिशा में चला गया जहां अंबाला से आ रहे स्कार्पियो वाहन से टकरा गया। उसमें सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लोगों की मदद से शवों को वाहन से बाहर निकाला और पिहोवा अस्पताल में भिजवाया।



**पहल** जहां एक ओर पंजाब में किसान खेतों में धान की पराली जलाने पर तत्पर हैं तो वहीं कुछ किसानों ने इसे बेचकर कमाई का जरिया बनाने की ठानी है। ऐसा ही एक किसान लुधियाना के गांव पूरपुर में मशीन की मदद से बुधवार को पराली के गट्ठे तैयार करता हुआ। -गुरमीत सिंह

## भाजपाध्यक्ष ने नड्डा से मिलकर बनाई रणनीति

चंडीगढ़, 15 नवंबर (जनसत्ता)।

भाजपा हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की और विभिन्न संगठनात्मक विषयों व चुनावी रणनीति पर चर्चा की। संगठन विस्तार और प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात व राज्य के विकास समेत कई विषय पर चर्चा हुई।

उन्होंने नड्डा को बताया है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में चलाई जा रही विकास योजनाओं को संगठन घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आगामी चुनावी रणनीति पर भी बात की। सैनी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए चल रहे पन्ना प्रमुख सम्मेलनों के बारे में भी विस्तार से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया है।

# हरियाणा रोडवेज कर्मचारी काम पर लौटे

## तीनों हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के बाद राजी हुआ कर्मचारी संघ

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ब्यूरो)।

हरियाणा के अंबाला जिले में एक बस चालक की हत्या में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मचारी बुधवार को काम पर लौट आए। इससे पहले हरियाणा रोडवेज कर्मचारी संघ के परचम तले रोडवेज कर्मियों ने मंगलवार की आधी रात से ही काम बंद कर रखा था।

प्रदर्शनकारियों की समझाइश-बुझाइश करते हुए हरियाणा के परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा ने बुधवार को रोडवेज कर्मचारी संगठन के कर्मचारियों से बैठक की। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के मुताबिक, उन्हें बता दिया गया है कि राजवीर सिंह हत्याकांड में संलिप्त तीनों हत्यारोपियों को पकड़ लिया गया है। उनका कहना है कि हरियाणा सरकार ने उनकी मांगें मान ली हैं। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि 12 और 13 नवंबर की मध्यरात्रि को अंबाला में अज्ञात लोगों द्वारा हमला किए जाने के बाद हरियाणा रोडवेज के बस चालक राजवीर (51) की मौत हो गई।

सोनीपत के निवासी राजवीर अंबाला छावनी बस अड्डे पर कार्यरत थे। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद राजवीर को गंभीर हालत में अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल लाया गया और बाद में पीजीआइएमईआर, चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना की रात, जब राजवीर सिंह पार्किंग ड्यूटी पर थे, तब कार सवार चार से पांच लोगों की उनके साथ बहस हो गई, जिसके बाद उन्होंने राजवीर पर हमला कर दिया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी हमलावरों की गिरफ्तारी, राजवीर के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे।

सोनीपत में प्रदर्शन कर रहे एक कर्मचारी ने कहा था कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे अपनी हड़ताल खत्म नहीं करेंगे।

हरियाणा रोडवेज की बसों के सड़कों से नदारद रहने के कारण यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा और विभिन्न स्थानों पर वे बसों का इंतजार करते नजर आए। चंडीगढ़ में काम करने वाले अंबाला निवासी सुरजीत सिंह ने बताया कि वह रोडवेज बस का इंतजार करते रहे लेकिन उन्हें कोई बस नहीं मिली।

हरियाणा रोडवेज संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमन सैनी ने दावा किया कि प्रदेश की सभी रोडवेज बसें नहीं चलीं।

# रोहतक में पिता ने चार बच्चों को जहर दिया, तीन की मौत

चंडीगढ़, 15 नवंबर (ब्यूरो)।

हरियाणा के जिला रोहतक में एक पिता ने अपने चार बच्चों को जहर दे दिया, जिसमें तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरियाणा पुलिस ने बुधवार को इस आशय की जानकारी दी।

पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को सुनील कुमार नामक व्यक्ति ने काबुलपुर गांव स्थित आवास पर अपने चार बच्चों को कथित रूप से कोई जहरीला पदार्थ खाने को दिया था। इस वारदात के समय सुनील की पत्नी घर पर नहीं थी।

पुलिस ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने से दो बहनों (10 और सात साल की) व उनके एक साल के भाई की मौत हो गई जबकि उनकी आठ साल की एक और बहन का रोहतक के पीजीआइएमएस में उपचार चल रहा है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, बढ़ई का काम करने वाला सुनील कुमार इस वारदात के बाद से ही फरार है।

> *पुलिस* के मुताबिक, मंगलवार को सुनील कुमार नामक व्यक्ति ने काबुलपुर गांव स्थित आवास पर अपने चार बच्चों को कथित रूप से जहरीला पदार्थ खाने को दिया था। वारदात के समय सुनील की पत्नी घर पर नहीं थी। *बढ़ई* का काम करने वाला हत्यारोपी सुनील कुमार इस वारदात के बाद से ही फरार है।

सुनील की पत्नी की शिकायत पर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले की गहन जांच-पड़ताल में जुटी है।



**तकनीक** गुरुग्राम में वायु प्रदूषण को खत्म करने के लिए बुधवार को 'एंटी स्मोग गन स्प्रे' का इस्तेमाल किया गया।

# निजी स्कूलों में पढ़ सकेंगे गरीब घरों के बच्चे

चंडीगढ़, 15 नवंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार ने गरीब घरों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में पढ़ाई के विकल्प बढ़ाते हुए 70 और मान्यताप्राप्त स्कूलों की सूची जारी कर दी है। शिक्षा निदेशालय ने बुधवार को तीसरी से 12वीं तक के लिए 3135 सीटों की सूची जारी करते हुए आवेदन के लिए 24 नवंबर तक की समय सीमा निर्धारित कर दी है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान योजना (चिराग) के तहत 313 निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में दाखिले की सूची जारी की गई थी।

इनमें से कुछ विद्यालयों ने फार्म-6 की सूचना पोर्टल पर अपलोड नहीं की। लिहाजा अब शिक्षा निदेशालय ने 70 मान्यताप्राप्त स्कूलों में चिराग योजना के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के दाखिले की सूची जारी की है। चिराग योजना के तहत वही छात्र दाखिला लेने के पात्र होंगे, जिन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से प्राप्त की है।

इसके साथ ही छात्र दाखिले के लिए केवल उसके वर्तमान खंड, जिसमें वे पढ़ रहे हैं, उसी खंड के मान्यताप्राप्त निजी स्कूल में उपलब्ध सीटों पर दाखिले के लिए पात्र होंगे। हालांकि उनके पास एक से अधिक खंड में आवेदन करने का भी विकल्प रहेगा।

शिक्षा निदेशालय द्वारा संबंधित निजी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि कक्षावार घोषित सीटों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इसके साथ ही विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी खाली सीटों का विवरण लगाना होगा।

दाखिला अवधि में जिला शिक्षा अधिकारी, मौलिक शिक्षा अधिकारी संबंधित विद्यालयों में विभागीय मनोनीत सदस्य नियुक्त करेंगे।

## लोस चुनाव के लिए कांग्रेस की रूपरेखा तैयार

**चंडीगढ़** : लोस चुनाव के लिए कांग्रेस ने हरियाणा में कार्यक्रमों का ऐलान कर दिया है। वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है।

**HIRA AUTOMOBILES LIMITED**

Regd. Office : # 598, Sector 18-B, Chandigarh | CIN:- L50101CH1989PLC009500
Tel:92170-48111 | Email : hiraaccounts@gmail.com | www.hiraautomobiles.com

Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and six months ended on 30th September, 2023. (Rs. In Lakhs except EPS data)

| S. N. | Particulars | Quarter ending 30.09.2023 unaudited | six months ending 30.09.2023 unaudited | Quarter ending 30.09.2022 unaudited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 6281.47 | 12251.96 | 5911.64 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 33.61 | 58.39 | 20.80 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Extraordinary items and/or Extraordinary items) | 33.61 | 58.39 | 20.80 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Extraordinary items and/or Extraordinary items) | 26.61 | 45.39 | 16.80 |
| 5 | Equity Share Capital | 275.34 | 275.34 | 275.34 |
| 6 | Reserves(excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of Previous Year) | 1068.41 | 1068.41 | 1023.02 |
| 7 | Earnings Per Share before extraordinary items)(of Rs 10/-each) Basic: | 0.97 | 1.65 | 0.61 |
| | Diluted: | 0.97 | 1.65 | 0.61 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results for quarter and six months ended 30th September, 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of above Results is available on the websites of Company at www.hiraautomobiles.com and BSE Limited at www.bseindia.com.

**For Hira Automobiles Ltd.**
Rahulinder Singh Sidhu
(Director)
DIN-00447452

Place : Chandigarh
Date : 14.11.2023

**एम के प्रोटीन्स लिमिटेड**

सीआईएन: L15500HR2012PLC046239
पंजीकृत कार्यालय: नारायणगढ़ रोड, ग्राम गरनाला अम्बाला सिटी हरियाणा-134003
ईमेल: compliancemkproteins@gmail.com | वेबसाइट: http://www.mkproteins.in/

30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण (लाख रुपए में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.09.2023 अलेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2023 अलेखापरीक्षित | समाप्त छमाही 30.09.2023 अलेखापरीक्षित | समाप्त छमाही 30.09.2022 अलेखापरीक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2023 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 1364.05 | 7619.51 | 8983.56 | 13950.53 | 31486.00 |
| 2 | अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व*) | 51.45 | 335.88 | 387.33 | 499.50 | 1460.41 |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात*) | 51.45 | 335.88 | 387.33 | 499.50 | 1460.41 |
| 4 | कर पश्चात अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात*) | 41.20 | 249.05 | 290.25 | 373.10 | 1064.60 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल] | 41.20 | 249.05 | 290.25 | 373.10 | 1064.60 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (रु. 10/- अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर) | 1251.24 | 1251.24 | 1251.24 | 417.08 | 1251.24 |
| 7 | अन्य इक्विटी (आरक्षितियां) | — | — | 4066.19 | 3916.44 | 3775.94 |
| 8 | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) (सतत तथा असतत प्रचालनों हेतु)- बेसिक : | 0.33 | 1.99 | 2.32 | 8.95 | 8.51 |
| | डाइल्यूटेड : | 0.33 | 1.99 | 2.32 | 8.95 | 8.51 |

नोट: 1. उपर्युक्त गैर-लेखापरीक्षित परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई और 14 नवंबर, 2023 को आयोजित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई।
2. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम 2015 के विनियमन 33 के तहत आवश्यक वैधानिक लेखा परीक्षक द्वारा की गई है।
3. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कंपनी के वेबसाइट www.mkproteins.in पर उपलब्ध है और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com से भी एक्सेस किया जा सकता है।
4. कंपनी ने 1 अप्रैल 2023 से भारतीय लेखा मानक ('इंड एएस') को अपनाया है और 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम इंड एएस की मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं। जैसा कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के तहत अपेक्षित है, पिछले वर्ष यानी 30 सितंबर 2022 को समाप्त हुए छमाही के तुलनात्मक परिणामों को इंड एएस की मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार बहाल किया गया है। प्रबंधन ने आवश्यक परिश्रम किया है और यह सुनिश्चित किया है कि वित्तीय परिणाम कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 के अनुसार उसके मामलों का सही और निष्पक्ष दृश्य प्रदान करें।

एम के प्रोटीन्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./- प्रमोद कुमार
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00126965

स्थान: अंबाला
दिनांक: 14 नवंबर, 2023

**केनरा बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **Canara Bank** (A GOVT. OF INDIA UNDERTAKING) | शाखा - क्षेत्रीय कार्यालय रोहतक

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी मांग सूचना**

एक नोटिस दिया जाता है कि निम्नलिखित कर्जदार ने बैंक से प्राप्त निम्नलिखित ऋण खातों के संबंध में मूलधन के पुनर्भुगतान और ब्याज के भुगतान में चूक की है और खाता गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में बदल गया है। कंपनी और गारंटरों को उनके अंतिम ज्ञात पते पर वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस जारी किए गए थे। हालाँकि, इन्हें बिना तामील के हमें वापस कर दिया गया है और इस प्रकार उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से इसके बारे में सूचित किया जाता है।

| कर्जदार/गारंटरों का नाम तथा पता | चल/अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1. शाखा कार्यालय - नामौंद शाखा, जिला हिसार श्री अनिल कुमार पुत्र हवा सिंह मकान नंबर 94, ग्राम भकलाना, हिसार (ग्रामीण) (146), हिसार, हरियाणा-125001 | हाइपोथेकेशन चार्ज फोर्ड फिगो 1.5 Tdci, रजिस्ट्रेशन नंबर HR21N 2943 निर्मित B. Ltd, चेसिस नंबर MAJGXXMTKGHK87088, इंजन नं HK87088, कलरमून डस्ट सिल्वर, श्री अनिल कुमार पुत्र श्री हवा सिंह के नाम पर पंजीकृत | 13.11.2023 | रु. 8,38,234.40/- (रुपये आठ लाख अड़तीस हजार दो सौ चौंतीस और पैसे चालीस मात्र), ब्याज और उस पर शुल्क। |
| 2. शाखा कार्यालय - हांसी शाखा, जिला हिसार श्री डिम्पल कुमार पुत्र स्व. अशोक कुमार मकान नंबर 401/12, मुल्तान कॉलोनी, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 | हाइपोथेकेशन चार्ज सैंट्रो 1.1 एमटी एरा एक्जीक्यूटिव, पंजीकरण संख्या HR21P 9355 हुंडई मोटर इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा निर्मित, चेसिस नंबर MALAE51CLMM13711, इंजन नंबर G4HGLM079487, रंग पोलर व्हाइट 2, श्री डिम्पल कुमार पुत्र श्री अशोक कुमार के नाम पर पंजीकृत। | 13.11.2023 | रु. 3,51,516.86/- (रुपयेः तीन लाख इक्यावन हजार पांच सौ सोलह और छियासी पैसे मात्र), ब्याज और उस पर शुल्क |
| 3. शाखा कार्यालय - नामौंद शाखा, जिला हिसार श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी सतबीर सिंह मकान नंबर 219/14, डब्ल्यू नंबर 17, काली देवी मंदिर के पीछे, सैनी अस्पताल हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 | हाइपोथेकेशन चार्ज विटारा ब्रेजा जेडडीआई पंजीकरण संख्या HR21N 6124 मारुति सुजुकी इंड लिमिटेड द्वारा निर्मित, चेसिस नंबर MA3NYFB1SKA492164, इंजन नंबर D13A5771985, रंग पर्ल आर्कटिक सफेद, श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी सतबीर सिंह के नाम पर पंजीकृत। | 13.11.2023 | रु. 10,63,095.67/- (रुपए दस लाख तिरसठ हजार पंचानवे और सड़सठ पैसे मात्र), ब्याज और उस पर शुल्क |
| 4. शाखा कार्यालय - हांसी शाखा, जिला हिसार श्री मनोज कुमार पुत्र अजीत सिंह नियर मेन चौपाल, मकान नं. 1052, वी.पी.ओ. सातरोड कलां, हिसार, हरियाणा-125006 | हाइपोथिकेशन चार्ज महिंद्रा सुप्रो एलएक्स रजिस्ट्रेशन नंबर HR20AM5399, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड द्वारा निर्मित, चेसिस नंबर MA1FM2HLWJ6D33142, इंजन नंबर HLJ6D22152, रंग एम1 डायमंड व्हाइट, श्री मनोज कुमार पुत्र श्री अजीत सिंह के नाम पर पंजीकृत। | 13.11.2023 | रु. 4,54,203.06/- (रुपए चार लाख चौवन हजार दो सौ तीन और छह पैसे मात्र), ब्याज और उस पर शुल्क। |
| 5. शाखा कार्यालय - हांसी शाखा, जिला हिसार श्री सचिन कुमार पुत्र राम कुमार मकान नंबर 07, तहसील बवानी खेड़ा, भिवानी, हरियाणा-127032। 2. श्री. सचिन कुमार पुत्र राम कुमार मकान नंबर 703, मिलकपुर, तहसील बवानी खेड़ा, भिवानी, हरियाणा-127032। | हाइपोथिकेशन चार्ज ऑल्टो K 10 YXI AMT (O) पंजीकरण संख्या HR16U5288 निर्मित मारुति सुजुकी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, चेसिस नंबर MA3EZDE1S00434004, इंजन नंबर K10BN2141281, रंग सुपीरियर सफेद, श्री सचिन कुमार पुत्र श्री राम कुमार के नाम पर पंजीकृत। | 13.11.2023 | रु. 4,38,481.94/- (रुपये चार लाख अड़तीस हजार चार सौ इक्यासी और चौरानवे पैसे मात्र) |
| 6. शाखा कार्यालय - हांसी शाखा, जिला हिसार श्री सतीश कुमार पुत्र ओम प्रकाश मकान नंबर 498, वी.पी.ओ ढाणी पालमाजरा, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 | हाइपोथेकेशन शुल्क विटारा ब्रेजा वीडीआई (ओ), पंजीकरण संख्या HR21L 2585 निर्मित मारूति सुजुकी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, चेसिस नंबर HR21L 2585, इंजन नंबर D13A5400241, कलर एमपी सिल्वर, श्री सतीश कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश के नाम पर पंजीकृत। | 13.11.2023 | रु. 4,24,063.47/- (रुपये चार लाख चौबीस हजार तिरसठ और सैंतालीस पैसे मात्र), ब्याज और उस पर शुल्क |
| 7. शाखा कार्यालय - नामौंद शाखा, जिला हिसार श्री सुखबीर पुत्र दरिया सिंह वी.पी.ओ. पेटरवार, तहसील नामौंद, जिला हिसार, हरियाणा-125038 | हाइपोथिकेशन चार्ज बीट Tcdi BS4, पंजीकरण संख्या HR21L 9013 मारुति जनरल मोटर इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा निर्मित, चेसिस नंबर MA6BFBANHHT002345, इंजन नंबर Z21635GY7X0181, रंग एस सफेद, श्री सुखबीर पुत्र श्री दरिया सिंह के नाम पर पंजीकृत। | 13.11.2023 | रु. 4,23,980/- (रुपये चार लाख तेईस हजार नौ सौ अस्सी मात्र), ब्याज और उस पर शुल्क |
| 8. शाखा कार्यालय - हांसी शाखा, जिला हिसार श्री सुनील कुमार पुत्र कृष्ण कुमार मकान नंबर 973, नेवादर्श हाई स्कूल, लोहारी राघो, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 | हाइपोथेकेशन चार्ज पल्सर 150 डीटीएस-I, रजिस्ट्रेशन नंबर HR86A2538 निर्मित बजाज ऑटो लिमिटेड, चेसिस नंबर MD2A11CX1LRH05841, इंजन नंबर DHXRLH05841, कलर बोनी ब्लैक रेड डीकेएल, श्री सुनील कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार के नाम पर पंजीकृत। | 13.11.2023 | रु. 1,22,359/- (रुपये एक लाख बाईस हजार तीन सौ उनसठ मात्र), ब्याज और उस पर शुल्क, |
| 9. शाखा कार्यालय - दिल्ली रोहतक रोड शाखा, बहादुरगढ़ मैसर्स सैनी ट्रेडिंग कंपनी प्रोप। श्री सन्नी सैनी (कर्जदार) मकान नं. 24/632 देव नगर, बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा-124507 | हाइपोथेकेशन चार्ज महिंद्रा UV 500 R FWD W9 पंजीकरण संख्या HR 13P 6564, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड द्वारा निर्मित वाहन, चेसिस नंबर MA1YU2HHUJ6A11464, इंजन नंबर HHJ4A13191, रंग नया पर्ल व्हाइट मेसर्स सैनी ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर पंजीकृत | 13.11.2023 | रु. 16,21,065.25/- (रुपये सोलह लाख इक्कीस हजार पैंसठ रुपये और पच्चीस पैसे मात्र) ब्याज और उस पर शुल्क, |
| 10. शाखा कार्यालय- दिल्ली रोहतक रोड शाखा, बहादुरगढ़ 1. श्री बिजेन्द्र सिंह दलाल पुत्र स्व. जगदीश सिंह (कर्जदार) मकान नं. 193, पटेल नगर, बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा - 124507 2. श्रीमती नीलम दलाल पत्नी श्री. बिजेंदर सिंह दलाल (गारंटर) मकान नं. 193, पटेल नगर, बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा -124507 | मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित वाहन मारुति डिजायर एलडीआई पंजीकरण संख्या HR 13M 2192 पर हाइपोथेकेशन चार्ज, चेसिस नंबर MA3CZF03SHF119291, इंजन नंबर D13A-3093520, रंग आर्कटिक सफेद श्री बिजेन्द्र सिंह दलाल पुत्र श्री जगदीश सिंह के नाम पर पंजीकृत है। | 09.11.2023 | रु. 6,03,060.25/- (रुपये छह लाख तीन हजार साठ और पच्चीस पैसे मात्र) ब्याज और उस पर शुल्क |

तिथि : 15.11.2023 स्थान : रोहतक अधिकृत प्राधिकारी, केनरा बैंक